कार्यालय – जिला कार्यक्रम अधिकारी, सम्भल

पत्रांकC-1235/जि0का0अ0/सैम/मैम/2021–22, दिनांक 21, फरवरी, 2022

समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी,
जनपद–सम्भल।

विषय – दिनांक 02.03.2022 से दिनांक 09.03.2022 तक वजन सप्ताह मनाये जाने के संबंध में।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा समीक्षा बैठक में कुपोषण की समीक्षा की गई, जिसमें पाया गया कि वर्तमान में जनपद में 0–6 वर्ष के बच्चों का कुपोषण 5 प्रतिशत प्रदर्शित होना पाया गया, जबकि राज्य स्तर पर कुपोषण का स्तर 37 प्रतिशत है। जनपद स्तर पर परियोजनावार संकलित सूचना आप लोगों द्वारा दी गई सूचना को संकलित करने पर जनपद सम्भल का बच्चों में कुपोषण का प्रतिशत 5 प्रतिशत के आसपास विगत लगभग 02 वर्षों से है। विगत विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा इस बिन्दु पर खेद व्यक्त किया गया।

विभाग द्वारा बच्चों के कुपोषण स्तर की जॉच इन्फेन्ट वेईंग स्केल, स्टेडियो मीटर, इन्फेन्टों मीटर, वृद्धि निगरानी व सैम/मैम बच्चों से सम्बन्धित कार्ड की आपूर्ति आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए आपके कार्यालयों में जा चुकी है।

उपरोक्त के संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 02.03.2022 से 09.03.2022 तक आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वजन सप्ताह का आयोजन कर Underweight/Stunting/Wasting बच्चों का चिन्हांकन कर कुपोषण का स्तर ज्ञात कर संकलित कर सूचना दिनांक 12.03.2022 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, उक्त कार्य में किसी भी प्रकार शिथिलता अक्षम्य होगी।

(धर्मेन्द्र कुमार मिश्र)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
सम्भल।